झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

19 March 2025

Follow us on



RN Sir
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK
JSSC | DEFENCE - ARMY
CAPF | POLICE | Other Competitive Exam


Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com


Daily Current Affairs Booster


Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 19 मार्च से संबंधित करेंट अफेयर्स

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने त्रिपुरा की बालिकाओं के लिए दो नई योजनाओं की घोषणा की। त्रिपुरा सरकार की ये दो नई योजनाएं राज्य की बालिकाओं के लिए है, जिनका नाम मुख्यमंत्री बालिका समृद्धि योजना और मुख्यमंत्री कन्या आत्मनिर्भर योजना हैं। नड्डा ने भाजपा के नेतृत्व वाली त्रिपुरा सरकार 2.0 के दो साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए स्वामी विवेकानंद मैदान में एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए यह घोषणा की।
- एनएचएलएमएल और आईडब्ल्यूएआई ने वाराणसी में एक मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क के विकास के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है। नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड और इनलैंड वाटरवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया वाराणसी उत्तर प्रदेश में एक अत्याधुनिक मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित करेंगे। एमएमएलपी 150 एकड में फैला होगा और 650 मीटर के एक्सेस रोड के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग 7 से रणनीतिक रूप से जुड़ा होगा। यह पार्क जियोनाथपुर स्टेशन से 5.1 किमी रेलवे लाइन के माध्यम से पूर्वी समर्पित फ्रेट कॉरिडोर के साथ समेकित रूप से एकीकृत होगा।
- एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी ने लाइट कॉम्बेट एयरक्राफ्ट AF MK1 प्रोटोटाइप से बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर टू एयर मिसाइल एस्ट्रा का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। यह परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर तट पर किया गया। एस्ट्रा मिसाइल ने उड़ते हुए लक्ष्य पर सीधा प्रहार किया, जिससे इसकी सटीकता और प्रभावशीलता का पता चला। एस्ट्रा मिसाइल को 100 किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित लक्ष्यों को भेदने के लिए डिजाइन किया गया है।
- तेल क्षेत्र संशोधनि विधेयक, 2024 लोकसभा द्वारा अपनी स्वीकृति के साथ संसद द्वारा पारित किया गया हैं। 2024 में दिसंबर में यह विधेयक राज्यसभा द्वारा पारित किया गया। यह विधेयक तेल और गैस के अन्वेषण और उत्पादन को नियंत्रित करने वाले मौजूदा कानून में संशोधन करने के साथ साथ पेट्रोलियम परिचालनों को खनन परिचालनों से अलग करने का प्रयास करता है। इस विधेयक का उद्देश्य तेल क्षेत्र अधिनियम 1948 में संशोधन करना है।
- अटल बिहारी वाजपेयी लोक सेवा और नवाचार संस्थान का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने मॉरीशस के रेडुइट में संयुक्त रूप से किया। यह अत्याधुनिक संस्थान विभिन्न मंत्रालयों, सार्वजनिक कार्यालयों, अर्ध सरकारी निकायों और सरकारी उद्यमों में मॉरीशस के सिविल सेवकों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करेगा।
- नव विकसित जैव विविधता पार्क जो पहले कृषि भूमि, नर्सरी ओर बस्तियों द्वारा उपयोग किया जाता था, अब 225 मिलियन लीटर की कुल क्षमता वाले छह जल निकायों से सुसज्जित हैं। पार्क का परिदृश्य तूफानी पानी के प्रबंधन, बाढ़ के जोखिम को कम करने और प्राकृतिक निस्पंदन के माध्यम से भूजल पुनर्भरण को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है।
- केंद्र सरकार ने अवामी एक्शन कमेटी ओर जम्मू कश्मीर इतिहाद अल मुस्लिमीन पर पांच साल का प्रतिबंध लगा दिया हैं। अवामी एक्शन कमेटी का नेतृत्व मीरवाइज उमर फारूक और जम्मू कश्मीर इतिहाद उल मुस्लिमीन का नेतृत्व मसरूर अब्बास अंसारी कर रहे हैं। केंद्र सरकार ने गैरकानूनी गतिविधियां अधिनियम 1967 के तहत प्रतिबंध लगाया हैं। गृह मंत्रालय ने एएसी और जेकेआईएम दोनो को भारत की संप्रभूता, अखंडता और सुरक्षा को खतरा पहुंचाने वाली कार्रवाइयों से जोड़ा हैं। एएसी के सदस्यों पर आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन करने, भारत विरोधी प्रचार फैलाने और जम्मू कश्मीर में अलगाववादी आंदोलनों के लिए धन जुटाने का आरोप है।
- केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद और एडमास विश्वविद्यालय ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू का उद्देश्य होम्योपैथी अनुसंधान और शिक्षाविदों में सहयोग को आगे बढ़ाना है। सीसीआरएच के महानिदेशक डॉ. सुभाष कौशिक ओर एडमास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुरंजन दास द्वारा समझौते को अंतिम रूप दिया गया। हस्ताक्षर समारोह में नोबेल पुरस्कार विजेता सर ग्रेगरी पॉल विंटर और एडमास विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. समित रे ने भाग लिया। यह समझौता ज्ञापन अंतः विषय अनुसंधान में एक महत्वपूर्ण विकास को दर्शाता हैं। यह संयुक्त प्रयासों और ज्ञान साझाकरण के माध्यम से होम्योपैथी में वैज्ञानिक प्रगति को बढ़ावा देगा।
- पीएम मोदी मॉरीशस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। उन्हें मॉरीशस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड कमांडर ऑफ द ईयर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन से सम्मानित किया गया। इस सम्मान की घोषणा मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम ने पोर्ट लुइस में भारतीय प्रवासियों के एक कार्यक्रम के दौरान की। इस पुरस्कार के साथ प्रधानमंत्री मोदी के कुल अंतर्राष्ट्रीय सम्मानों की संख्या 21 हो गई है। अपने संबोधन में मोदी ने मॉरीशस के लोगों और सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. हाल ही में यूरोपीय संघ कितने बिलियन यूरो मूल्य के अमेरिकी सामानों पर काउंटर टैरिफ लगाएगा ?**

(A) 10 (B) 15
(C) 22 (D) 26

**(D)** यूरोपीय संघ ने अप्रैल 2025 से 26 बिलियन यूरो मूल्य के अमेरिकी सामानों पर काउंटर टैरिफ लगाने का फैसला किया हैं। यूरोपीय संघ ने यह निर्णय स्टील और एल्युमीनियम पर अमेरिकी शुल्क के जवाब में लिया हैं। सभी अमेरिकी स्टील और एल्युमीनियम आयात पर बढ़ा हुआ टैरिफ 12 मार्च को प्रभावी हो गया है। यूरोपीय संघ 1 अप्रैल को अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क के मौजूदा निलंबन को समाप्त कर देगा।



**2. हाल ही में विश्व ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट का आयोजन कहां किया जाएगा?**

(A) नोएडा (B) मुंबई
(C) नई दिल्ली (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** हाल ही में मुंबई में 1 से 4 मई 2025 तक जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में विश्व ऑडियो विजुअल एंटरटमेंट समिट का उद्घाटन किया जाएगा। यह आयोजन भारत सरकार द्वारा भारत को मीडिया और मनोरंजन के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने की एक महतवपूर्ण पहल है। वेव्स भारतीय टैलेंट को दिखाने के लिए मीडिया और इंटरटेनेमेंट इंडस्ट्री के पेशेवरों को एक साथ लाएगा।




**3. हाल ही मे किस मंत्रालय द्वारा युवा लेखकों को सलाह देने के लिए प्रधानमंत्री की योजना का तीसरा संस्करण पेश किया गया है ?**

(A) शिक्षा मंत्रालय (B) वित मंत्रालय
(C) खान मंत्रालय (D) संस्कृति मंत्रालय

**(A)** इस योजना के तहत 30 वर्ष से कम उम्र के युवा लेखकों को सलाह दी जाएगी। इसका उद्देश्य पूरे भारत में पढ़ने, लिखने और पुस्तकों की संस्कृति को बढ़ावा देना हैं। यह योजना पिछले संस्करणों पर आधारित है, जिसमें 22 भारतीय भाषाओं ओर अंग्रेजी में युवा लेखकों की भागीदारी शामिल थी। नेशनल बुक ट्रस्ट इंडिया पीएम युवा 3.0 के क्रियान्वयन का प्रबंधन करेगा।




**4. हाल ही में किस राज्य सरकार ने बजट लोगों में रूपये के स्थान पर तमिल प्रतीक को शामिल किया है ?**

(A) तमिलनाडु (B) तेलंगाना
(C) आंध्रप्रदेश (D) महाराष्ट्र

**(A)** हाल ही में भाषा विवाद के बीच तमिलनाडु की सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया हैं। स्टालिन सरकार ने इस बार राज्य के बजट से रूपये का सिंबल हटा दिया। उसके जगह सरकार ने तमिल प्रतिक से रिप्लेस कर दिया है। यह तमिल लिपि का अक्षय रु ही हैं। गौरतलब है कि पहली बार किसी राज्य ने रूपये के सिंबल को बदला है।



**5. हाल ही में भारत के असंगठित क्षेत्र ने कितने प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है ?**

(A) 5.9% (B) 7.12%
(C) 10.94% (D) 12.84%

**(D)** भारत के असंगठित गैर कृषि क्षेत्र में 12.84% की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। असंगठित क्षेत्र उद्यमों के नवीनतम वार्षिक सर्वेक्षण 2023-2024 के अनुसार उद्यमों की संख्या में 12.84% की वृद्धि हुई। यह सर्वेक्षण सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा किया गया।



**6. हाल ही में उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहां पहले स्मार्ट सिटी अस्पताल ओर पैथोलॉजी सेंटर का उद्घाटन किया ?**

(A) गोरखपुर (B) झांसी
(C) प्रयागराज (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी के पहले स्मार्ट सिटी अस्पताल ओर पैथोलॉजी सेंटर का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने झांसी के लोगों को इस उपलब्धि ा के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि झांसी को स्मार्ट सिटी मिशन के तहत यह बड़ा तोहफा मिला है। इस दौरान सीएम योगी ने झांसी के स्पेस म्यूजियम का भी दौरा किया।



**7. हाल ही में भारतीय बैंक संघ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में किसने कार्यभार संभाला है ?**

(A) अतुल कुमार गोयल (B) मनोज मेहता
(C) नितिन अग्रवाल (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** हाल ही में अतुल कुमार गोयल ने भारतीय बैंक संघ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में कार्यभार संभाला हैं। वह एक अनुभवी चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं और उन्होंने पीएनबी, यूको बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और इलाहाबाद बैंक सहित कई प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में नेतृत्व की भूमिकाएं निभाई है।



**8. हाल ही में IQAir द्वारा जारी 7वीं वार्षिक विश्व वायु गुणवता रिपोर्ट 2024 में कौन 5वें स्थान पर रहा है ?**

(A) चाड (B) बांग्लादेश
(C) भारत (D) पाकिस्तान

**(C)** हाल ही में IQAir द्वारा जारी 7वीं वार्षिक विश्व वायु गुणवता रिपोर्ट 2024 में भारत को दुनिया का 5वां सबसे प्रदूषित देश बताया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशानिर्देशों के आधार पर दुनिया में वायु प्रदूषण के स्तर पर नजर रखने वाली इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में से 13 भारत के है।



**9. हाल ही में जारी सीपरी की रिपोर्ट के अनुसार विश्व का सबसे बड़ा हथियार आयातक कौन बना है ?**

(A) भारत (B) यूक्रेन
(C) पाकिस्तान (D) जापान

**(B)** हाल ही में रूस के साथ लंबे समय से युद्ध में घिरा यूक्रेन दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश बन गया है। भारत अब दूसरे स्थान पर आ गया है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की एक नई रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है। पिछले चार साल में भारत के आयात में 9.3 फीसदी की कमी आई है। वहीं यूक्रेन का आयात तेजी से बढ़ा है।



**10. हाल ही में भारत और किस देश के बीच बंगाल की खाड़ी में CORPAT और BONGOSAGAR का संचालन किया गया ?**

(A) बांग्लादेश (B) चीन
(C) म्यांमार (D) श्रीलंका

**(A)** भारतीय नौसेना और बांग्लादेश नौसेना के बीच समन्वय निदेशालय के 6वें संस्करण और अभ्यासा बोंगोसागर के 4वें संस्करण का आयोजन किया गया। यह नौसैनिक अभ्यास बंगाल की खाड़ी में भारत बांग्लादेश समुद्री सीमा के निकट निर्धारित समुद्री क्षेत्रों में आयोजित किया गया है।

